तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 मंच पर आत्मनिर्भर, नशामुक्त व शाकाहारी युवकों की …



11 नारा लेखन प्रतियोगिता में रितिमा प्रथम



**चुनाव : नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन कार्यक्रमों की हुई घोषणा**

# जिले के नगरीय निकायों में 11 व पंचायतों के लिए 17 और 23 को डाले जाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन करवाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2025 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता में कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन आधिकारी रणबीर शर्मा ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वार्ता में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अंकिता गर्ग एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचन 2025 कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय अध्यक्ष/पार्षदों के स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध और मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 22 जनवरी को होगा । नाम निर्देशन पत्र 22 जनवरी बुधवार के पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते है । नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 29 जनवरी बुधवार को होगी। अभ्यर्थी नाम वापस लेने की तिथि 31 जनवरी शुक्रवार अपराह्न 3.00 बजे तक है। इसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार होगी और निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। मतदान 11 फरवरी मंगलवार प्रातः 8.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन की घोषणा 15 फरवरी शनिवार होगी ।

**कलेक्टर एसपी और अन्य अफसरों ने ली पत्रवार्ता**



### आदर्श आचार संहिता लागू, थाने में जमा कराने होंगे हथियार

चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही ज़िले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। इसके साथ ही लायसेंसी शस्त्र थाने में जमा कराये जाने एवं अवैध शराब परिवहन रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश जारी कर दिये गये है। जिले में लोक धन से लगाये गये सभी होडिंग, पोस्टर, बेनर आदि सभी सार्वजनिक स्थल/भवनों से हाटाना शुरू हो गया है। जिले की सभी नगरीय, ग्रामीण क्षेत्र (नगर पंचायत मारो को छोड़कर) एवं ग्राम पंचायतों में प्रायीबंधात्मक धारा 163 लागू कर दी गयी है। सभी अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### प्रथम चरण में बेमेतरा और नवागढ़ की पंचायतों का, तीसरे चरण में साजा और बेरला

दी गई जानकारी के अनुसार पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रथम एवं तृतीय चरण में होगी। प्रथम चरण में बेमेतरा और नवागढ़ में और तृतीय चरण में बेरला और साजा में संपन्न होगा। मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 27 जनवरी सोमवार कर दिया जाएगा। वहीं, नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी सोमवार अपराह्न 3.00 बजे तक है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 04 फरवरी मंगलवार को की जाएगी। अभ्यर्थी अपना नाम 6 फरवरी तक वापस ले सकेंगे। इसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार होगी और निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची के पश्चात प्रतीकों का आवंटन होगा। प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी सोमवार प्रातः 7.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक होगा। मतगणना भी मतदान समाप्ति के बाद शुरू होगी। तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी रविवार के प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा। मतगणना भी मतदान समाप्ति के बाद शुरू होगी।

**खबर संक्षेप**

### 65 पौवा अंग्रेजी शराब के साथ दो कोचिए पकड़ाए, कार भी जब्त



**बेमेतरा।** पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ के पेट्रोलिंग करने के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कोहड़िया का मुकेश वर्मा अपने एक दोस्त के साथ एक काला रंग की कार क्रमांक सीजी 04 के पी 0077 में शराब लाकर अपने पान ठेला के पास कार को खड़ी कर अपने दोस्त के साथ मिलकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन से 65 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब के साथ ही कार क्रमांक सीजी 04 के पी 0077 जब्त करते हुए आरोपी मुकेश वर्मा पिता स्व. मोतीलाल वर्मा उम्र 33 साल ग्राम कोहडिया पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला व सुरज पाण्डेय पिता उमाकांत पाण्डेय उम्र 31 साल वार्ड नं. 26 सिन्धी कॉलोनी दुर्ग थाना मोहन नगर के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी मयंक मिश्रा, पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि कंवल सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक संजय पाटिल, मोती जायसवाल, पीलाराम साहू, दिनेश साहू, टेकेन्द्र यादव एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

### नगर पालिका दल्लीराजहरा को 15 फरवरी को मिलेगा नया अध्यक्ष

**दल्लीराजहरा।** आचार संहिता लगने के 26 दिनों बाद मतलब की 15 फरवरी को दल्ली राजहरा नगर पालिका को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। शहर वासियों को नगर पालिका दल्ली राजहरा में नया अध्यक्ष मिलेगा। इसके साथ ही नया नगर पालिका अध्यक्ष कौन होगा इसे लेकर जहां चर्चा जोरों पर है, वहीं सत्ता हासिल करने के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष के साथ ही उनके अपने नेताओं में भी जोर आजमाईश शुरू हो गई है। एक ओर जहां दावेदार मतदाताओं से पहले टिकट के लिए अपने आकाओं को रिझाने में लगे हैं।

### ग्राम चिंगरी में मड़ई मेला व चौसर पासा प्रतियोगिता कल

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी में कल 22 जनवरी दिन बुधवार को मड़ई-मेला व चौसर पासा प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। चंद्रहास साहू एवं राजेश देशमुख ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 9 बजे राधा कृष्ण लोक कलाकार नाच पार्टी दुर्रे बंजारी जिला राजनंदगांव वालों की कार्यक्रम रखा गया है।

## तेजरफ्तार बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ गाड़ामोर-अतरगंवा मार्ग पर हुई दुर्घटना

थाना क्षेत्र नवागढ़ अंतर्गत गाडामोर-अतरगंवा मार्ग के बीच तेज रफ्तार बेकाबू बोलेरो ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। जबकि घटना के बाद चारपहिया चालक वाहन को मौके पर छोड़कर ही फरार हो गया। लेकिन सूत्रों के अनुसार पुलिस ने उनको घर दबोचा है, जो कि नशे की हालत में था। हालांकि अभी तक आरोपियों के नाम की पुष्टि नहीं हुई है। मृतकों के शवों को नवागढ़ अस्पताल लाया गया, पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद से परिजनों का हाल बेहाल है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 12 बजे तिहारी राम साहू पिता बहोरन साहू उम्र 50 वर्ष एवं रामसागर साहू पिता तिहारी उम्र 20 वर्ष झाल निवासी बाप-बेटे सगाई कार्यक्रम में शामिल होने बाइक पर सवार होकर अपने गांव से निरजाम जा रहे थे। तभी गाड़ामोर-अतरगंवा मार्ग पर विपरीत दिशा से हुई बेकाबू बोलेरो वाहन ने बाइक को लहराते हुए सीधी टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार दूर जाकर छिटक गए। दोनों के सिर में गंभीर चोट आई। अधिक खून बहने के कारण बाइक सवार बाप-बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। नवागढ़ पुलिस ने बोलेरो वाहन को जब्त किया है।



**खराब हो गई गाड़ी, तो वहीं छोड़ भागा चालक**









बताया जा रहा है कि घटना के बाद बोलेरो चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी खराब होने के कारण आगे नहीं बढ़ पाई। उसके बाद बोलेरो चालक गाड़ी को सड़क किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की। मामले की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचे कांग्रेसी नेता विजय बघेल ने बताया कि बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उल्लंघन पर पहली बार बड़ी कार्रवाई, लगाया लाखों का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ अपर कलेक्टर ने दोषी फर्म संचालकों को 10 दिनों के भीतर जुर्माने की राशि जमा करने के दिए निर्देश

जिले के अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी गुड्डु लाल जगत ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की विभिन्न धाराओं के तहत जिले में खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों और फर्मों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इसके अंतर्गत कई दोषियों पर अधिनियम की धारा 51, 52 और 58 के तहत अर्थदंड लगाया गया है। अपर कलेक्टर की कारवाई से जिले हड़कंप मच गया है।

जारी आदेश में गिरधारी लाल गुप्ता फर्म श्री मुरारी फैमिली रेस्टोरेंट एवं स्वीट्स, नवागढ़ चौक बेमेतरा पर बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के फर्म संचालन का दोषी पाया गया। जिस पर उन्हें 4 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह सुरेश माहेश्वरी, पिता बिरदी चन्द माहेश्वरी, फर्म मेसर्स रामेश्वरी ट्रेडर्स, ब्लॉक बेरला, जिला बेमेतरा को मिथ्याछाप (गलत लेबल) खाद्य पदार्थ नुपुर कोरिएंडर पाउडर (पैक्ड) के विक्रय का दोषी पाया गया। इस पर उन्हें 1 लाख का जुर्माना किया गया। छन्नूलाल देवांगन, पिता भूखिराम देवागन, फर्म मडेला स्वीट्स, गौरव पथ रोड बेमेतरा पर अवमानक मिठाई कलाकंद (लूज) के निर्माण एवं विक्रय का दोषी पाया गया। उन्हें 3 लाख का जुर्माना भुगतना पड़ेगा। सुशील कुमार, पिता स्व. विजय पाल, फर्म स्थाति आरकोन प्रा. लि., ग्राम कारेसरा, तहसील थानखम्हरिया बेमेतरा पर अवमानक पेय पदार्थ रेड वाइन के उत्पादन का दोषी पाया गया, जिस पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया।

अश्वनी साहू, पिता शत्रुहन साहू, फर्म मेसर्स अश्वनी किराना स्टोर्स, ग्राम पडकीडीह, बेमेतरा पर अवमानक अरहर दाल (लूज) के विक्रय का दोषी पाया गया, जिस पर 50 हजार का जुर्माना किया गया। ललित कुमार साहू, पिता चिताराम साहू, फर्मः मेसर्स अपना ढाबा, पिकरी, बेमेतरा पर अवमानक वेजग्रेवी (लूज) के निर्माण एवं विक्रय का दोषी पाया गया। इस पर उन्हें 3 लाख का जुर्माना लगाया गया।

### जुर्माने की राशि जमा करने के आदेश

अपर कलेक्टर ने दोषी फर्म संचालकों को 10 दिनों के भीतर जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। यदि जुर्माना निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किया गया, तो राशि की वसूली भू-राजस्व बकाया की भांति की जाएगी। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी।





### श्री आदिनाथ जैन मंदिर में ध्वजारोहण उत्सव 27 को

**साजा।** नगर में स्थापित श्री आदिनाथ जैन मंदिर में प्रभु प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगाँठ के अवसर पर दुगड़ परिवार द्वारा पूर्ण विधि विधान से भगवान श्री जी का पूजन-अभिषेक कर ध्वजारोहण का आयोजन किया जा रहा है। बंटी दुग्गड़ ने बताया कि कार्यक्रम 26 व 27 जनवरी को होगा। 26 जनवरी को संध्या 7.30 बजे से मंदिर प्रांगण में भक्ति-भावना संगीतकार धर्मेश जैन परभणी एवं साथियों द्वारा होगा। उसके बाद 27 जनवरी को प्रतिष्ठा तिथि मेरुतेरस श्री ऋषभदेव निर्वाण कल्याणक प्रातः 6.15 बजे से संगीत एवं वांजित्र के साथ सामूहिक भक्तामर स्त्रोत एवं वंदनावली होगी। उसके बाद 8.15 से स्नान-पूजा एवं सत्तरभेदी महापूजन का कार्य किया जाएगा। 27 जनवरी के सधार्मिक भक्ति एवं ध्वजारोहण के लाभार्थी दुग्गड़ परिवार साजा ,परसबोड़ होंगे ।

10.15 बजे ध्वजारोहण विधान किया जाएगा। जिन भक्ति के इस पावन प्रसंग कार्यक्रम को जैन श्री संघ साजा एवं श्री आदिनाथ जैनमंदिर समिति साजा द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

**जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और नागरिक वर्चुअल रूप से हुए शामिल**

## जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में भूमिहीन मजदूरों से किए गए वायदे के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हो गई है। हमारे छत्तीसगढ़ में बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर करती है लेकिन ऐसे लोग भी हैं जिनके पास कृषि भूमि भी नहीं है और वे कृषि मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। उन्हें ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी स्थित आडिटोरियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा, साजा और नवागढ़ के जनप्रतिनिधि, शहरी और ग्रामीणजन वर्चुअल जुड़े। जिला मुख्यालय स्थित के टाउन हॉल में विधायक दीपेश साहू, अजय साहू, विजय सिन्हा, राजेंद्र तिवारी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। राज्य के कुल 5 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस योजना के सरकार ने पाँच सौ 62 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये हम भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान करेंगे। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं। इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी परिवारों को भी शामिल किया गया है। राजधानी रायपुर कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री साय ने भूमिहीन मजदूर हितग्राहियों को 10 हजार रुपए की राशि का चेक वितरित किया।



## मवेशी को घसीटते हुए सड़क पार कर रहा था बाघ, देखकर ठंड में भी छूटने लगा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

■ ग्राम हथमुड़ी में दयालु ने किया बाघ देखने का दावा

अंचल में बाघ का खौफ बना हुआ है। लगातार पांचवें दिन भी कोई सफलता नहीं मिली। वहीं, लगातार मिल रहे लोकेशन के आधार पर वन विभाग के अधिकारी पहुंचते हैं। वहीं, सोमवार सुबह ग्राम हथमुड़ी में प्रत्यक्षदर्शी दयालु लोधी ने जो वाकया सुनाया, वह दिल दहला देने वाला था। श्री लोधी ने बताया कि वे अपने एक रिश्तेदार को छोड़कर रविवार की रात अपने घर हथमुडी जा रहे थे।

इसी बीच अचानक उसकी नजर एक मवेशी को लेकर सड़क पार करते बाघ पर पड़ गई।सामने का दृश्य देखते ही वह कुछ देर के लिए सन्न रह गया। जैसे तैसे करके वे अपने घर तक पहुंचे और परिचितों को इसकी जानकारी दी। देर रात प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। सूचना के बाद प्रशासन का अमला भी घटना स्थल की तरफ रवाना हुआ, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। प्रत्यक्ष दर्शी से मिल रही सूचना के बाद पूरे अंचल में दहशत का माहौल है। वहीं, अब कितने बाघ घूम रहे हैं, इसका भी अंदाजा अभी तक नहीं हो पा रहा है।

अंचल के दोनों छोर पर लगातार बाघ की सूचना मिल रही है, जिससे ग्रामीणों में भय बना हुआ है। रविवार को ग्राम बोड़ के खेत में भी बाघ के पैरों के निशान पाए गए थे। इधर, लगातार बाघ से जुड़ी खबरों के बीच ग्रामीण अंचलों में शाम होते ही सन्नाटा पसरने लगा है। प्रत्यक्षदर्शी दयालु लोघी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए अपनी आंखों देखी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने मौत को अपने सामने देखा, जो उसकी आंखों से अभी भी नहीं हट रहा है। उन्होंने कहा कि रात में कड़कड़ाती ठंड के बाद भी पसीने से तरबतर हो गया था। उन्होंने बताया कि वह बाघ है।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➡ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➡ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➡ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# कोहरे से सुस्त हुई ट्रेनों की रफ्तार, 6 घंटे तक लेट, सुबह पटरियों पर विजिबिलिटी 40 मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड में छाए कोहरे ने रायपुर से गुजरने वाली दर्जनभर से अधिक ट्रेनों की रफ्तार धीमी कर दी है। शीतलहर के बीच रविवार को ट्रेनों में सफर करना यात्रियों का बेहद कष्टदायक रहा। स्लीपर से लेकर जनरल कोच तक में यात्री ठंडी हवा से ठिठुरते रहे। लोको पायलट के मुताबिक, सुबह 5 से 8 बजे तक पटरियों पर विजिबलिटी 30 से 40 मीटर रही, जिसके कारण 120 की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनें 70 से 80 की रफ्तार से दौड़ीं। कोहरे से सभी रूट की ट्रेनों की रफ्तार धीमी रही।

- ट्रेनों की खिड़की बंद न होने से ठंडी हवा से ठिठुरते रहे यात्री

इस वजह से दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 5 से 6 घंटे विलंब से पहुंचीं। यात्रियों को ठंड के बीच रेलवे स्टेशन पर अपनी ट्रेन का इंतजार करना पड़ा।

## ठंड में कोहरे के कारण तीन दिनों से 4 से 5 घंटे तक ट्रेन लेट, स्टेशन पर गुजारनी पड़ रही रात

### शीतलहर से छूटी यात्रियों की कंपकंपी

हरिभूमि टीम जायजा लेने रेलवे स्टेशन पहुंची। शीतलहर से जनरल कोच में हर यात्री ठंड से कांपता नजर आया। ज्यादातर ट्रेनों में भीड़ होने से यात्रियों को दरवाजे के पास खड़े होकर सफर करना पड़ा। गोंडवाना और शालीमार एक्सप्रेस में यात्री ठंड से ठिठुरते मिले। ठंड के कारण स्लीपर कोच की सभी खिड़कियां बंद मिलीं, लेकिन जनरल कोच में भीड़ के कारण यात्री परेशान नजर आए। कोच में हर कोई चादर और कंबल ओढ़े दिखाई दिया। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन जब 90 से 100 की रफ्तार से चलती है तो पूरा कोच ठंडा हो जाता है। खिड़की के शटर खराब होने से ठंडी हवा को रोका भी नहीं जा सकता। ऐसे में ठिठुरते हुए सफर करना बड़ी मजबूरी है। कहीं-कहीं एक सीट पर 6 से अधिक यात्री ठुंसे नजर आए।




### वेटिंग हॉल भी फुल

ट्रेनों के लेट होने से ठंड से बचने रेलवे स्टेशन का वेटिंग हाल भी इन दिनों यात्रियों से खचाखच भरा दिखता है। जगह नहीं होने से कई यात्रियों को ठंड के बीच प्लेटफार्म पर ही ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह और रात के समय यात्रियों को दिक्कत अधिक हो रही है। दोपहर और शाम की ट्रेन 3 से 4 घंटे लेट है तो वहीं सुबह की ट्रेन 5 से 6 घंटे तक लेट है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंड से बचाने के लिए रेलवे ने भी कोई व्यवस्था नहीं की है।

रेलवे ने लाखों रुपए की लागत से ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाई है, लेकिन इसके बावजूद ट्रेन ठंड में समय पर नहीं पहुंच रही। सर्वाधिक विलंब में समता एक्सप्रेस पहले स्थान पर है। बीते तीन दिनों से यह ट्रेन 5 से 8 घंटे तक देर से रायपुर पहुंची है। सुबह की ट्रेनों में अमरकंटक, दुर्ग-अंबिकापुर, लिंक एक्सप्रेस, हमसफर, रात में हावड़ा-अहमदाबाद, सारनाथ समेत अन्य ट्रेनें लगातार कोहरे के कारण विलंब से चल रही हैं।

***दिल्ली और मुंबई की ट्रेनें 4 घंटे लेट :*** पटरियों पर छाए कोहरे के कारण सप्ताहभर से दिल्ली और मुंबई रूट की ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। समरसता, मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस गुरुवार को 4 घंटे लेट रही। वहीं समता अपने निर्धारित समय से 3.50 मिनट देर से पहुंची। वहीं अमरकंटक और दुर्ग-अंबिकापुर 2 घंटे लेट रही। इसके साथ पुणे-हावड़ा और हावड़ा-अहमदाबाद भी 4 से 5 घंटे तक विलंब से चल रही है। सुबह और रात के समय ट्रेनें अत्यधिक विलंब होने से दिन में कवर भी नहीं हो रहीं। रायपुर से गुजरने वाली दस से अधिक ट्रेनों के जनरल कोच में जबरदस्त भीड़ बढ़ी है।

## खबर संक्षेप

### शहीद हेमू कालाणी चौक में कल मनाएंगे बलिदान दिवस

**रायपुर।** क्रांतिवीर शहीद हेमू कालाणी समिति द्वारा 21 जनवरी को शहीद हेमू कालाणी की 82वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम कचहरी चौक स्थित अमर शहीद हेमू कालाणी चौक पर सुबह 10.30 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा और मीडिया प्रभारी भरत पमनानी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए समाज के संतों और सभी राजनीतिक दल के लोगों को आमंत्रित किया गया है, ऐसे वीर सपूत को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए सभी देश के राष्ट्रभक्तों व समाजजनों से निवेदन है उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित करें। बैठक में त्रिलोकचंद चिमनानी, अच्छूमल गावरी, प्रेम बिरनानी, अनेश बजाज, भरत बजाज, अमित वालेचा, भरत पमनानी, लक्ष्मण जगवानी आदि उपस्थित रहे।



### मकान बिक्री करने के नाम पर 11 लाख की ठगी

**रायपुर।** दूसरे के मकान को अपना बताकर बिक्री के लिए 11 लाख रुपए एडवांस लेने वाले आरोपी के खिलाफ पुरानी बस्ती पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। अवधपुरी निवासी लूटन खंपारिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी खेमराज प्रधान ने पिछले साल उससे मकान बिक्री करने के लिए 11 लाख रुपए एडवांस लिए थे। बाद में पता चला कि मकान दूसरे का है तो प्रार्थी ने अपने पैसे वापस मांगे, पर आरोपी ने रकम वापसी से इंकार कर दिया। मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

### नगर निगम अगले माह जारी करेगा 150 करोड़ के बांड

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम फरवरी माह में 150 करोड़ के निगम बांड जारी करेगा। इसके पहले चरण में प्राइवेट सेक्टर को चुना गया है। निजी क्षेत्र में जारी होने वाले बांड पर 8 से 9 फीसदी ब्याज का भुगतान होगा। वहीं इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 2 फीसदी की सब्सिडी भी मिलेगी, यानी नगर निगम को 8 फीसदी ब्याज दर पर 6 फीसदी और 9 फीसदी ब्याज पर 7 फीसदी ब्याज देना होगा। बांड को लेकर ऑडिट पूरा हो चुका है। इसके साथ ही प्रोजेक्ट का डीपीआर भी तैयार है। देशभर के 28 नगर निगमों की तर्ज पर अब रायपुर नगर निगम बांड जारी करने वाला 29 नगर निगम बनने जा रहा है। शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने सहित आवश्यक कार्यों को पूरा करने इंदौर, भोपाल, गुजरात सहित अन्य नगर निगमों ने बांड से पैसे लेकर अपनी जरूरत पूरी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, बांड के पैसे से राजधानी के समता कॉलोनी स्थित नगर निगम के भैंसथान मैदान में स्पोर्ट्स व्यावसायिक कांप्लेक्स, मालवीय रोड स्थित पुराने नगर निगम वाली जमीन में बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर और लोधीपारा में क्रिस्टल आर्किड के पास व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना है। इसके लिए डीपीआर भी तैयार कर लिया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, बांड को लेकर ऑडिट का काम पूरा हो चुका है। प्राइवेट सेक्टर में जारी होने वाले इस बांड के लिए पिछले दिनों मुंबई के पीआरपी प्रोफेशनल एज प्राइवेट के अध्यक्ष गौरव कुटे और इंदौर के मुकुल गुप्ता चार्टर्ड एकाउंटेंट संतोष मुच्छाल के साथ नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की चर्चा भी हुई थी, जिसके बाद बांड से जुड़े दस्तावेज तैयार किए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

## तेलीबांधा थाने से आंबेडकर चौक तक आक्रोश रैली निकालने के दौरान पुलिस ने बीच में रोक दिया

# सड़क पर उतरे बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षक, परिवार के साथ किया चक्काजाम, देर रात बस में तूता भेजा









हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बर्खास्त किए गए बीएड सहायक शिक्षक और परिजनों ने रविवार को राजधानी में पैदल मार्च किया। हड़ताली सहायक शिक्षक तेलीबांधा के मरीन ड्राइव से घड़ी चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा स्थल तक आक्रोश रैली निकालने जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें मरीन ड्राइव के पास रोक दिया। प्रदर्शनकारी समायोजन की मांग को लेकर सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते रहे। इसके चलते एसआरपी चौक से तेलीबांधा थाना चौक तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे लोग खासे परेशान रहे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। देर रात पुलिस ने आंदोलन कर रहें शिक्षकों को जबरिया पकड़कर बस में बैठाया। इस दौरान खींचतान में कुछ महिलाएं बेहोश भी हो गईं। और उनके परिजन चीख पुकार मचाते रहे। आखिरकार उन्हें नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल भेज दिया गया। प्रदेशभर के बीएड सहायक शिक्षकों ने सेवा सुरक्षा की मांग और बर्खास्तगी का आदेश वापस लेने सहित समायोजन की मांग को लेकर राजधानी में आक्रोश रैली निकाली। तेलीबांधा थाने से घड़ी चौक के पास आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करने जा रहे बर्खास्त सहायक शिक्षकों को पुलिस ने मरीन ड्राइव के पास रोक दिया। इस दौरान सहायक शिक्षकों ने सड़क पर बैठकर जमकर नारेबाजी की। हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर आक्रोश रैली में भाग लेने बड़ी संख्या में प्रभावित बीएड धारी सहायक शिक्षक अपने परिजनों के साथ राजधानी में एकत्रित हुए।

हरिभूमि सरोकार

## जमकर नारेबाजी, सड़क पर परिजनों के साथ प्रदर्शन, ट्रैफिक जाम से वाहन चालक हुए परेशान

### मंत्री बंगला भी घेर चुके हैं बर्खास्त शिक्षक

बर्खास्त शिक्षकों ने एक दिन पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बंगले का घेराव किया था। समायोजन की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे शिक्षक शनिवार तड़के कड़कड़ाती ठंड में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बंगले पहुंचे थे। और गेट के बाहर बैठकर नारेबाजी की। जब वे वहां से नहीं उठे तो पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक हटाया और प्रदर्शनकारियों को बसों में भरकर शहर से बाहर ले गए। इसके बाद शिक्षकों का प्रदर्शन जारी रहा।



### ये है मामला

- हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों के पद के लिए केवल डीएड डिग्री होल्डर को ही उपयुक्त माना है।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बीएड डिग्रीधारकों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया है।
- कोर्ट ने 10 दिसंबर 2024 को 2 सप्ताह के अंदर यह प्रक्रिया पूरी करने कहा है।
- इससे बीएड धारी 2900 सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ गई है।
- बर्खास्तगी आदेश पर रोक और न्यायपूर्ण अवसर की मांग सहित समायोजन करने प्रभावित सहायक शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं।

### समायोजन की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर बीएड धारी बर्खास्त सहायक शिक्षक समायोजन की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। विगत एक माह से प्रदेशभर के 2900 बीएडधारी सहायक शिक्षक नौकरी बचाने आंदोलन कर रहे हैं। भुक्तभोगी शिक्षिकाओं का कहना है कि सहायक शिक्षक पद पर वे कार्यरत थे, उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। हमें समायोजन करना चाहिए। समायोजन के लिए जो कमेटी बनी है, वह कब तक अपनी रिपोर्ट देगी, यह तय नहीं है।



### पंचायती राज संशोधन अध्यादेश की समयावधि बढ़ेगी, विधेयक को मंजूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर तकनीकी कारणों से हो रही देरी के मामले का हल निकाल लिया गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट में अध्यादेश की अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया है। दूसरी ओर राज्य सरकार द्वारा विधानसभा से पारित कराए गए नगर निगम और नगरपालिका संबंधी दो विधेयकों को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। जानकारों का मानना है कि अब दोनों चुनावों के संबंध में विधिक प्रकिया पूरी हो गई है।

- कैबिनेट के फैसले और राज्यपाल की अनुमति से विधिक प्रक्रिया पूरी

दो संशोधन विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी-इधर कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत राज अधिनियम में संशोधन संबंधी अध्यादेश की अवधि बढ़ाने का फैसला किया। दूसरी ओर राज्य सरकार द्वारा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित कराए गए नगर निगम तथा नगरपालिका संशोधन अधिनियम को राज्यपाल की अनुमति मिल गई है। इन दोनों संशोधनों का सीधा संबंध नगरीय निकायों के चुनाव से है। नगर निगम संशोधन में राज्य के नगर निगमों में मेयर तथा पालिका संशोधन में पालिकाध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का प्रावधान रखा गया था। इसी तरह दोनों प्रस्तावों में निगम तथा पालिकाओं में ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था के संबंध में संशोधन रखे गए थे। इसके तहत निकायों में जहां एससी-एसटी की जनसंख्या 50 प्रतिशत तक है, वहां ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जाना है।

## सतनामी समाज परिचय सम्मेलन में देशभर से पहुंचेंगे युवक-युवती

**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से शहीद स्मारक भवन में 2 फरवरी को सतनामी समाज के विवाहयोग्य युवक-युवतियों का राष्ट्र स्तरीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी जोरों पर है। इस बार 9वें वर्ष का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें छग के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों में निवासरत सतनामी समाज के नवयुगल प्रतिभागी अपने अभिभावकों के साथ मनपसंद जीवनसाथी की तलाश में राजधानी पहुंचेंगे। कार्यक्रम में समाज के विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला-पुरुषों को भी स्थान दिया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रसारण बड़े एलईडी. स्क्रीन के साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से पूरे देशभर में लाइव प्रसारित किया जाएगा। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खण्डे और प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि इस पूरे आयोजन के लिए समिति के पदाधिकारी व्यापक प्रसार-प्रसार करते हुए तैयारी में जुटे हुए है। अभी अग्रिम पंजीयन का दौर लगातार जारी है, जिसके लिए प्रतिभागी न्यू राजेंद्रनगर स्थित गुरु घासीदास अकादमी भवन में प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 5 बजे के बीच अपना पंजीयन करा सकते हैं। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## महंगाई भत्ते सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी सीएम शर्मा को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके निवास पर भेंट कर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। महंगाई भत्ता जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत बढ़ाने सहित पांच सूत्रीय मांगें प्रमुख रहीं। उप मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उप मुख्यमंत्री को कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं और उनके समाधान की आवश्यकता से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

उन्होंने भाजपा के घोषणापत्र में किए गए वादों को शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने फेडरेशन द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन भी किया। फेडरेशन की प्रमुख मांगें-शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान किया जाए। साथ ही जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्ते का एरियर भविष्यनिधि खाते में समायोजित किया जाए।



## पुलिस विभाग में बड़ी सर्जरी, 50 अफसर इधर से उधर, पटले कोरबा गए, तारकेश्वर एएसपी सिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के पहले तबादलों का दौर जारी है। रविवार को पुलिस विभाग में बड़ी सर्जरी की गई और एएसपी, डीएसपी स्तर के 50 अधिकारियों का तबादला किया गया। एएसपी सिटी लखन पटले को कोरबा भेजा गया है और तारकेश्वर पटेल को नई जिम्मेदारी दी गई है। वीरेंद्र चतुर्वेदी एसडीओपी विधानसभा बनाए गए हैं और पूर्णिमा लांबा को सीएसपी उरला नियुक्त किया गया है।

- वीरेंद्र चतुर्वेदी एसडीओपी विधानसभा, पूर्णिमा लांबा सीएसपी उरला

राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, लखन पटले एएसपी रायपुर से कोरबा, तारकेश्वर पटेल एआईजी पीएचक्यू से एएसपी सिटी, रामगोपाल करियारे एएसपी रायगढ़ से एएसपी ट्रैफिक बिलासपुर, असद खान उपसेनानी चौथी बटालियन से वीआईपी सुरक्षा। डीएसपी एवं सहायक सेनानी में वीरेंद्र चतुर्वेदी को पीएचक्यू से विधानसभा थाना एसडीओपी, अनामिका जैन रायगढ़ से पीएचक्यू, राजू गुप्ता मुख्यालय से 11वीं वाहिनी जांजगीर, निशीथ अग्रवाल मुख्यालय से साइबर थाना, सुशांतो बनर्जी रायपुर से रायगढ़, पूर्णिमा लांबा डायल 112 से सीएसपी उरला, केशरीनंद नायक विधानसभा से सीएसपी कोतवाली, योगेश साहू कोतवाली से डायल 112, राजेश शर्मा 9वीं बटालियन से मंत्रालय सुरक्षा, दीपक भगत नारायणपुर से नवा रायपुर, अविनाश कंवर विशेष शाखा से एसडीओपी बेनूर, त्रिभुवन मोहन वासनिक 21वीं छसबल से 9वीं वाहिनी भेजा गया है। रितेश श्रीवास्तव बेनूर नारायपुर से नवा रायपुर, अनूप लकड़ा 16वीं वाहिनी से एसडीओपी पाटन, अनिल विश्वकर्मा फरसगांव से रायगढ़, शेर बहादुर सिंह नवा रायपुर से कांकेर, विकास पाटले बिलासपुर से गरियाबंद, मणिशंकर चंद्रा धमतरी से विशेष शाखा रायपुर, उन्नति ठाकुर दंतेवाड़ा से रायगढ़, अभिषेक केशरी सरायपाली से छोटेडोंगर, अभिषेक पैकरा छोटेडोंगर से सूरजपुर, भूपत सिंह कोंडागांव से कबीरधाम, आशारानी नारायणपुर से खैरागढ़-छुईखदान, प्रशांत सिंह भानुप्रतापपुर से मानपुर, आशा सेन दंतेवाड़ा से कोरिया, अभिनव उपाध्याय रायगढ़ से कोंडागांव, रुचि वर्मा दंतेवाड़ा से रायपुर, अजीत ओगरे मानपुर से महासमुंद, नेहा पवार धमतरी से मोहला-मानपुर, तारेश साहू आईयूसीएडब्लू से भाठापारा, अंजू मन्नेवार दंतेवाड़ा से कबीरधाम, मोनिका मरावी नारायणपुर से धमतरी, विनय कुमार नारायणपुर से बेमेतरा, लक्ष्मण सिंह कोंडागांव से बस्तर, अमित सिंह सुकमा से बस्तर, निशा सिंह बाल अपराध अन्वेषण से गरियाबंद एसडीओपी, नंदिनी सूरजपुर से रायपुर, सौरभ उइके कांकेर से सूरजपुर, आशीष नेताम दंतेवाड़ा से नारायणपुर, संजय साहू बिलासपुर से मुंगेली, मानकराम सरगुजा से खैरागढ़, मीना साहू रायपुर से धमतरी, बाजीलाल सिंह गरियाबंद से बलरामपुर, अनूप एक्का पीएचक्यू से सूरजपुर भेजे गए हैं।

## बीते साल निवेशकों को मिला था 20 फीसदी रिटर्न

# सोने के दाम नए साल में 3200 बढ़ गए, तोड़ेगा रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोना नए साल में भी लगातार भाव खा रहा है। नए साल में अब तक दाम 32 सौ रुपए बढ़ गए हैं। जो सोना 31 दिसंबर को 78600 रुपए था, वह अब 81800 रुपए हो गया है। बीते साल सोने की रिकॉर्ड कीमत 30 अक्टूबर को 82200 रुपए थी। इस साल अब सोना एक नए रिकॉर्ड की तरफ जा रहा है।

संभावना है कि इसी माह सोना कीमत का नया रिकॉर्ड बना सकता है। इसी के साथ सोने और चांदी में लगातार निवेश हो रहा है। बीते साल सोने में निवेशकों को 20 फीसदी रिटर्न मिला था। इतना रिटर्न और किसी में नहीं मिलता है। सोने और चांदी की कीमत ने बीते साल रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। अब सोना एक और नया रिकॉर्ड बनाने की राह पर है। सोने की कीमत नए साल में लगातार बढ़ रही है। पहली जनवरी को कीमत में दो सौ रुपए का इजाफा हुआ। इसके बाद से लगातार कीमत कम-ज्यादा होते-होते अब शनिवार को बंद हुए बाजार में राजधानी रायपुर में 24 कैरेट सोने की कीमत जीएसटी के साथ 81800 रुपए रही है। इसके एक दिन पहले शुक्रवार को कीमत 81900 रुपए थी। आने वाले सप्ताह में कीमत में नया रिकॉर्ड बन सकता है। सोना इस साल 85 हजार तक जा सकता है।



### लगातार बढ़ रही कीमत

नए साल में सोने की कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। इस साल सोने की कीमत नया रिकॉर्ड बना सकती है।
**- हरख मालू,** सराफा कारोबारी

### निवेशकों की पहली पसंद

सोने और चांदी ने बीते साल निवेशकों को सबसे ज्यादा लुभाने का काम किया है। सोने और चांदी की कीमत बीते साल तेजी से बढ़ीं। पहले कभी इतनी तेजी से कीमत नहीं बढ़ी थी। सालभर में सोना रिकॉर्ड 19 हजार तीन सौ रुपए तक महंगा हुआ। जो सोना 1 जनवरी 2024 को 62900 रुपए था, वहीं 30 अक्टूबर को रिकॉर्ड 82200 रुपए तक गया। हालांकि 31 दिसंबर को कीमत 78600 रुपए रही। इसी तरह से चांदी के दाम 1 जनवरी को 74500 रुपए थे, जो 31 दिसंबर को तो 88200 रहे, लेकिन इसकी कीमत 29 अक्टूबर को 101500 रुपए तक गई थी, यानी कीमत 17 हजार रुपए बढ़ी।

### निवेश में लगातार इजाफा

चांदी कारोबारी लक्ष्मीनारायण लाहोटी के मुताबिक, निवेश में लगातार इजाफा हो रहा है। हर साल करीब 20 से 25 फीसदी निवेश बढ़ रहा है। निवेशक जमीन के स्थान पर सोने और चांदी में निवेश करना पसंद करते हैं। इसमें कोई पचास हजार या एक लाख भी निवेश कर सकता है, जबकि जमीन में इतना कम निवेश संभव नहीं है। सोने और चांदी में निवेश करने वालों को कोरोना के समय तत्काल पैसों की जरूरत पर सोना-चांदी बेचने से पैसे मिल गए थे, लेकिन जमीन को तत्काल बेचना आसान नहीं होता।

## खबर संक्षेप

### पैदल जा रहे वृद्ध को हाइड्रा ने ठोका, मौत

**भिलाई।** पैदल जा रहे व्यक्ति को हाइड्रा क्रेन चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्व चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने हाइड्रा चालक के खिलाफ धारा 106(1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम मुडपार निवासी पुनीत राम पटेल सड़क किनारे से अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान भारतमाता चौक मुडपार के पास हाईड्रा क्रेन सीजी 07 सीयू 2312 का चालक तेजी एवं लापरवाही पुर्वक चलाते लाकर पुनीत राम पटेल को पीछे से ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया है हाइड्रा चालक मुडपार से महकाकला की ओर जा रहा था। इस दौरान चालक ने पुनीत राम पटेल को चपेट में लिया। हादसे में सिर, सीना , सामने कमर के नीचे भाग , दोनो हाथ, पैर में गंभीर चोट आई। मौके पर ही पुनीत राम पटेल की मौत हो गई।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूर्या मॉल के पास से वाहन चोरी हुआ था। पुलिस ने इसे आरोपी सुनीत यादव के पास से उक्त बाइक जब्त की गई है। जिसकी कीमत 10 हजार आंकी गई है।

### गौमांस बिक्री की सूचना से बजरंग दल का हंगामा

**भिलाई।** फरीद नगर में गौमांस बिक्री को लेकर जमकर बवाल मचा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्टिंग ऑपरेशन कर एक युवक पर गौमांस बेचने का आरोप लगाया। बजरंग दल के हंगामें के बाद सुपेला पुलिस ने दो व्यक्ति पर गौमांस बेचने का जुर्म पंजीबद्ध किया है। मोहल्लेवासियों ने बजरंग के कार्यकर्ताओं का जमकर विरोध भी किया। इसी बीच युवक ने फांसी भी लगा ली। मृतक के परिजनों का आरोप है कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के भय से युवक ने खुदकुसी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरीद नगर हड्डी गोदाम के पास तीन घरों में मांस बिक्री की सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्टिंग ऑपरेशन किया। रविवार को बजरंग दल का एक सदस्य ग्राहक बनकर फरीद नगर पहुंचकर गौमांस खरीदा। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। हंगामें के दौरान कथिततौर गौमांस बेचने वाले लोग मौके से फरार हो गए। विरोध के बाद सुपेला पुलिस ने फरीद नगर निवासी अब्बास कुरैशी और राजसोनी के खिलाफ नामजद धारा कृषि पशु अधिनियम परीक्षण व पशु अधिनियम के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया है। बजरंग दल के संयोजक राजेश देवांगन की शिकायत पर पुलिस ने यह अपराध दर्ज किया है।

## निधन

### आबिद खान



**नवागढ़।** वार्ड क्रमांक 4 नवागढ़ निवासी आबिद खान उम्र 60 साल का सोमवार को निधन हो गया। वे सादाब खान के पिता जी थे। उन्हें नवागढ़ के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।

**आयोजन : वार्ड 19 में समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा**

# मरार पटेल समाज ने धूमधाम से मनाया शाकंभरी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





रविवार को नगर के वार्ड क्रमांक 19 में मरार पटेल समाज द्वारा शाकंभरी महोत्सव, प्रतिभा सम्मान एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मां भगवती शाकंभरी एवं भगवान श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना के बाद गैंदसिंह कुरेटी के नेतृत्व में मां सरस्वती जस मंडली दल्ली राजहरा द्वारा जस गीत प्रस्तुत किया गया।

विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा ने माता की शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में नशा नाश की जड़ है , शाकाहार बनो, हरी सब्जी खाओ जीवन- स्वस्थ बनाओ, हरित क्रांति लक्ष्य हमारा, हरियाली एकमात्र सहारा जैसे नारे लिखे बैनर पोस्टरों के साथ 40 गांवों के हजारों लोग शामिल हुए। स्वागत भाषण महासचिव प्रीतम पटेल ने दिया। गीतिका एवं सोनम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को शिक्षा एवं व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। समाज की मांग पर अतिरिक्त कमरा एवं शौचालय निर्माण के लिए विधायक अनिला भेड़िया की निधि से 5 लाख देने की बात कही। कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक पटेल ने समाज के संगठन शक्ति एवं शिक्षा के विकास पर प्रकाश डाला। प्रांतीय सलाहकार छत्तीसगढ़ वेदलाल पटेल ने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में



प्रोत्साहित करने के लिए तहसील स्तर में शिक्षा सत्र 24-25 में प्रथम आने वाले समाज के दसवीं बारहवीं के बच्चों को 5000 देने की बात कही। कार्यक्रम को प्रांतीय महासचिव छत्तीसगढ़ केशव पटेल, सचिव लोहारा राज विजय पटेल, जिला अध्यक्ष यज्ञ देव पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कांशीराम निषाद, प्रांतीय संरक्षक छत्तीसगढ़ पुरुषोत्तम पटेल राज अध्यक्ष सियाराम पटेल डौंडीलोहारा राज गिरधर पटेल बालोद राज कोमल पटेल सम्बलपुर राज एवं निषाद समाज अध्यक्ष घनश्याम पारकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रोशन पटेल पार्षद वार्ड क्रमांक 20 हरिश्चंद्र पटेल सचिव बालोद प्रभु राम पटेल संगठन सचिव बालोद राम रतन पटेल डौंडी लोहारा परमेश्वर पटेल संबलपुर राज कल्याणी निषाद महिला अध्यक्ष निषाद समाज राधिका पटेल महिला अध्यक्ष मरार पटेल समाज डौंडी तहसील के संरक्षक गण बाबूलाल पटेल देव सिंह माली लक्ष्मण पटेल गंगाराम पटेल एवं श्यामलाल पटेल उपस्थित थे।

### समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

प्रतिभा सम्मान-विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योग्यता प्राप्त नवरतन पटेल मास्टर एथलीट गांभीर्य पटेल को अंतरराष्ट्रीय निबंध लेखन यज्ञेश पटेल खुमेश्वरी पटेल एवं देविका माली को शिक्षा के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न ग्रामों झुरहा टोला ढोर्रीठेमा चिखलाकसा गोटुलमुंडा मलकुंवर घोटिया पचेड़ा छिंदगांव मरार टोला नर्रालगुड़ा कुसुमकसा एवं दल्ली राजहरा के बच्चों ने रिकॉर्डिंग डांस प्रस्तुत किया, जिन्हें समाज द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता नारायण पटेल संतोष पटेल लक्ष्मी नारायण पटेल धनऊ पटेल चैतराम सार्वा मन्ना पटेल दुरेंद्र पटेल देवराज पटेल निर्मल पटेल मोहित पटेल बसंत पटेल गिरीश पटेल गिरधर पटेल राम प्रसाद पटेल एवं उमेश पटेल का भी सम्मान किया गया। संचालन संयोजक कोमल पटेल एवं आभार प्रदर्शन कार्यकारी अध्यक्ष दुष्यंत पटेल ने किया।

# ग्राम खलारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चुने गए भूपेश

## ग्राम विकास सहित विभिन्न उद्देश्यों को लेकर कार्य करती है संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर





गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम खलारी में वर्ष 2023–24 में कर्मचारी संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष भूपेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष डॉ शीतेंद्र साहू, सचिव महेन्द्र कुमार साहू, सह सचिव गोपेश्वर कुमार साहू, कोषाध्यक्ष छबीलाल साहू मनोनित किए गए।

कर्मचारी संघ के सचिव महेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य गांव का विकास, जरूरतमंद को आर्थिक सहयोग, विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देना, युवाओं का उत्साहवर्धन, पौधारोपण तथा विविध कार्य करना है। इसी परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2023–24 में ग्राम के आमा तालाब में पुरुष घाट पर छाया प्रदान करने हेतु लगभग 30000 रुपए की लागत से टीन शेड निर्माण तथा शमशानघाट में वृक्षारोपण किया गया एवं प्रति वर्ष ग्राम खलारी के शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा पांचवी में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को खलारी उत्सव के शुभ अवसर पर प्रोत्साहन के रूप में क्रमशः 1500 रुपए व 1000 रुपए नगद तथा मोमेंटो प्रदान किया जाना तय किया गया है। इसके तहत लोक गायिका कविता वासनिक ने प्रोत्साहन राशि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जतिन साहू व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रूबीना साहू को प्रदान किया।

### किया गया शेड का निर्माण

वर्तमान सत्र 2024–25 में भी ग्राम खलारी के आमा तालाब में महिला घाट में लगभग 50000 रुपए की लागत से टीन शेड निर्माण किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य मृतक कार्यक्रम के समय जब तालाब में मृतक के आत्मा की शांति के लिए पानी देने जाते हैं, तो ग्रामीणजनों व आगंतुकों के लिए छाया प्रदान करना तथा ग्रामीणजन जब भी स्नान करने के लिए तालाब जाएंगे तो यह टीन शेड उन्हें धूप व बारिश से भी बचाएगी। वहीं युवाओं के लिए दशहरा पर्व पर रंगमंच के लिए आवश्यक सामग्री भी कर्मचारी संघ द्वारा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक जेपी साहू, डीआर साहू, जीआर साहू, डॉ जीआर साहू, घनश्याम साहू, महेश साहू, बीएसपी कर्मचारी एवं समस्त ग्रामवासियों ने कर्मचारी संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना व प्रशंसा की।

# नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का किया गया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



- पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का हुआ शुभारंभ
- सफाई कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान

नगर पंचायत गुण्डरदेही में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ एवं नगर पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, नेता प्रमोद जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, अर्जुन्दा मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता, पार्षद हरीश निषाद, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे, तहसीलदार कोमल ध्रुव, सीईओ जांगड़े नगर पंचायत सीएमओ पटेल, अर्जुन्दा तसीलदार साहू एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदियों को शॉल एवं श्री फल देकर सम्मानित किया गया। प्रमोद जैन ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार विकास के पथ पर सतत अग्रसर हो रही है। जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग के साथ ही अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा गरीब भूमिहीन श्रमिकों के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ कर पात्र हितग्राहियों के खाते में 10 हजार रुपए प्रतिवर्ष राशि अंतरण करेंगे। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के शुभारंभ से प्रदेश के 5 लाख 62 हजार भूमिहीन श्रमिकों को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा। पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना से प्रदेश की सभी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है।



### नारा लेखन प्रतियोगिता में रितिमा प्रथम

**नवागढ़।** गुरुकुल विद्यालय सूकुल पारा में जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा के प्राचार्या लक्ष्मी सिंह के दिशा निर्देशन में पीएमश्री योजना और गति निर्धारक क्रियाएं के तहत नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसके साथ ही परीक्षा पे चर्चा संबंधी क्रियाकलाप कराया गया। नवोदय विद्यालय बेमेतरा के हिंदी के शिक्षक अजीत प्रताप सिंह और राहुल यादव द्वारा यह कार्यक्रम कराया गया। इसमें आठवीं कक्षा के लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया और अपनी क्षमता एवं योग्यता का परिचय दिया। नवोदय विद्यालय के शिक्षक को अपने बीच पाकर विद्यालय बहुत गर्व महसूस कर रहा था क्योंकि आए शिक्षको का कार्य और व्यवहार पूर्ण सहयोगात्मक था। इस आयोजन से बच्चों में नई प्रतिभा देखने को मिली। नारा लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार प्रथम रितिमा साहू, द्वितीय खुशी नवरंग, तृतीय क्षितीजा दीवान रही और सांत्वना पुरस्कार सिद्धार्थ वर्मा को मिला।

# रिवर्स करते पिकअप ने दोपहिया को मारी ठोकर, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम खप्परवाड़ा में पिकअप चालक ने वाहन को पीछे लेते समय स्कूटी सवार चंदखुरी निवासी समारू राम साहू को ठोकर मार दी। इससे स्कूटी सवार व्यक्ति के सिर सहित अनेक हिस्से में चोट आई है। वहीं, 18 जनवरी को घायल समारू राम साहू के भतीजे अमित साहू की रिपोर्ट पर थाना गुण्डरदेही में पिकअप चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

सेक्टर 5 भिलाई सिविल इंजीनियरिंग के छात्र अमित साहू ने बताया कि 15 जनवरी को अपने मोटर सायकल से अपने रिश्तेदार के घर ग्राम सरेखा दशगात्र कार्यक्रम में जा रहा था। इसी दौरान ग्राम खप्परवाड़ा पहुंचने पर पता चला कि दुर्घटना होने के कारण भीड़ लगी है। मैंने देखा के मेरे फूफा जी समारू राम साहू निवासी चंदखुरी घायल अवस्था में पड़े थे। उनके सिर सहित अन्य हिस्सों में चोट आई थी। आसपास के लोगों ने बताया कि फूफा समारू अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 07 बीएच 0334 में दुर्ग से गुण्डरदेही की ओर जा रहे थे।

उसी समय करीबन 10 बजे गणपति ट्रेडर्स के सामने ग्राम खप्परवाड़ा में पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 24 पी 5767 के चालक ने पिकअप को रिवर्स करते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। वहीं, घटना के बाद आरोपी वाहन घटना स्थल से फरार हो गया। वहीं, स्थानीय लोगों ने 108 की सहायता से उन्हें जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचाया। जहां डाक्टरों द्वारा रिफर करने पर अस्पताल कादम्बरी नगर दुर्ग ले जाकर भर्ती करवाया, जहां ईलाज चल रहा है।

## दो बाइक में टक्कर, युवक गंभीर

- ग्राम पसौद में हुई दुर्घटना की माहभर बाद लिखाई गई रिपोर्ट

**बालोद।** ग्राम पसौद में एक बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक बाइक चालक लूमेश्वरानंद को गंभीर चोट आई है। मामले में 18 जनवरी को लूमेश्वरानंद के भांजे की रिपोर्ट पर थाना देवरी में चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ग्राम राणाखुज्जी निवासी डामेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि मेरे मामा लूमेश्वरानंद गंजीर 44 वर्ष ग्राम कापसी निवासी हैं, जो राजनांदगांव से वापस 17 दिसंबर को शाम लगभग 7 बजे घर आ रहे थे। मेन रोड पसौद चर्च के सामने अपनी बाईक क्रमांक सीजी 07 एबी 5563 से अपनी साईड से चल रहे थे। इस बीच विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रं. सीजी 04 एचक्यू 0674 के चालक मोहम्मद एजाज खान ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे मेरे मामा को बाएं साईड कमर, जांघ की हड्डी के पास फ्रेक्चर तथा बाएं पैर के अंगूठे में गंभीर चोट आई है। इससे वे चलने फिरने में असमर्थ हैं। उनका प्राथमिक ईलाज देवरी सरकारी अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद वर्तमान में राजनांदगांव में ईलाज करवा रहे हैं। घटना के बाद मेरे मामा द्वारा फोन से सूचना देने पर मैं तत्काल घटनास्थल पसौद पहुंचा और उसी समय मेरे मामा को देवरी हास्पिटल ले गए थे। इलाज में व्यस्त रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में विलंब हुआ।

**कथावाचक पं. वेदप्रकाश ने कहा- हमेशा अपनी संगति को लेकर सचेत रहें**

# गलत संगत में पड़कर निकृष्ट व अधम हो जाता है मनुष्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम डौकीडीह में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पं. वेदप्रकाश पांडेय ने गजेंद्र मोक्ष और प्रहलाद चरित्र की कथा बताई। उन्होंने कहा कि गजेंद्र मोक्ष और अजामिल की कथा से हमें जीवन का महत्वपूर्ण सबक मिलता है। अजामिल की कथा बताते हुए उन्होंने कहा कि एक सच्चा और ईश्वर की भक्ति में लीन व्यक्ति भी गलत संगत में पड़कर निकृष्ट और अधम हो जाता है।

वह अपने जीवन के मूल उद्देश्य को भूलकर काम-क्रोध-मद-लोभ में पड़कर भोग और विलास से ग्रसित हो जाता है। जरूरी है कि हम हमेशा इस बात को लेकर चौकन्ना रहें, कि हमारी संगती कैसी है। क्या हम अनजाने में ही पापकर्म में लिप्त हो रहे हैं। इसके लिए हमें बीच-बीच में सत्संग की जरूरत होती है। आज अपने दैनिक जीवन में हम ऐसे उलझे हैं कि पता ही नहीं चलता और जाने-अनजाने हमसे पाप होते रहते हैं। आचार्य ने यह भी बताया कि अपने जीवन के अंतकाल में अजामिल ने अपने पुत्र नारायण को आवाज लगाई, लेकिन यह आवाज भक्तवत्सल भगवान ने भी सुनी और अजामिल को यमदूत की प्रताड़ना से मुक्त किया।

### सुख और दुख जीवन का हिस्सा

आचार्य ने बताया कि सुख और दुख जीवन का हिस्सा है। इस धरती पर जन्मे किसी भी जीव का जीवन सिर्फ सुखमय नहीं हो सकता और न ही पूर्णतः दुखमय।

लेकिन मानव स्वभाव है कि हम केवल दुख में अपने भगवान को याद करते हैं, उनसे अपने कष्टों की मुक्ति मांगते हैं। कई बार ये शिकायत भी करते हैं कि हे प्रभू! आपने इस कष्ट के लिए सिर्फ मुझे क्यों चुना? जबकि अपने आनंद और हर्ष के अवसर पर हम ये समझते हैं कि यह आपके अपने पुरूषार्थ से अर्जित किया गया है। गजेंद्र ने ग्राह से मुक्त होने के लिए ईश्वर को याद किया और सच्चे मन से प्रार्थना करते हुए स्वयं को भगवान के शरणागत कर दिया, तब श्री हरि अपने भक्त को कष्ट से मुक्त करने स्वयं प्रकट होते हैं और उसके दुखों को हर लेते हैं।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नगर पंचायत देवकर में 133 लाख रुपए के कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**बेमेतरा।** नगरीय निकायों में नगरीय विकास के सोपान कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत देवकर में अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न विकास कार्य राशि 132.99 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री साय व म उपमुख्यमंत्री के करकमलों से किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठजन,आमजन तथा निकाय के मुख्यनगरपालिका अधिकारी केशराम साहू, उपअभियंता संजय मोटवानी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रीराम लला सेवा समिति नवागढ़ ने मनाया वार्षिक उत्सव

**नवागढ़।** रविवार को सिविल लाइन नवागढ़ में श्री राम लला मंदिर अयोध्या धाम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक उत्सव को वार्षिक मानस महोत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य पंडित रमाकांत पांडे द्वारा पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वल किया गया। उसके बाद सांगीतिक भक्तिमय प्रस्तुति महामाया मानस मंडली अंधियारखोर, प्रभु के आशीर्वाद मानस मंडली बहेरा, जय शिव कृपा महिला मानस मंडली मुरता, अबोध मानस मंडली रनबोड की प्रस्तुति रही। संगीत गुरु सतानंद यादव का शास्त्री संगीत देखने सुनने को मिला। मंच संचालन भीखम लाल देवांगन और अनूप साहू ने महती भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग तहसील मानस संघ नवागढ़ मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा की रही। आयोजक समिति परमेश्वर पाठक रामनारायण पाठक, शिव नारायण पाठक , अभिषेक पाठक, अभिजीत पाठक,अर्जुन साहू, योगेश साहू, मनोज साहू, द्वारिका साहू, कोमल साहू, ललित साहू, योगेश्वर वैष्णव, जुलाराम निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### स्वामी शरणानंद वन आश्रम खोलडोंगरी बरही में धार्मिक कार्यक्रम 4 से

**बालोद।** स्वामी शरणानंद वन आश्रम खोलडोंगरी बरही में त्रिदिवसीय धार्मिक आयोजन 4 से 6 फरवरी तक किया गया है। कार्यक्रम में 4 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी, श्री गणेश पूजा, यज्ञ मंडप प्रवेश, जलाधिवास, मानसगान, भोजन प्रसादी की जाएगी। 5 फरवरी को समस्त देवी देवताओं का आह्वान पूजन, रुद्राभिषेक, यज्ञ प्रारंभ, संतो द्वारा धर्म प्रवचन, अन्नाधीवास, गंगास्नान, पुष्पाधीवास, भोजन प्रसादी प्रदान की जाएगी। 6 फरवरी को रामदरबार प्राणप्रतिष्ठा, पूजन, दुर्गाअर्चन, धर्म प्रवचन, भोजन प्रसादी वितरण की जाएगी।

### बालक शाला में शिक्षिका ने कराया न्योता भोज

**डौडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षिका सातो धनकर ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया। इसमें बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ खीर-पूड़ी एवं बड़ा परोसा गया।

---

सतनामी समाज कल्याण व विकास समिति बेमेतरा ने किया परिचय सम्मेलन का आयोजन

# मंच पर आत्मनिर्भर, नशामुक्त व शाकाहारी युवकों की तलाश करती नजर आई युवतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति बेमेतरा द्वारा सामाजिक युवक-युवतियों के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवक-युवतियां अपने परिवार जनों के साथ शामिल हुए। इस दौरान युवतियां आत्मनिर्भर, नशामुक्त, शाकाहारी युवकों की तलाश करते नजर आए।

समिति के संरक्षक टीआर जनार्दन ने बताया कि समाज में युवक-युवतियों की बढ़ते उम्र और फिजूलखर्ची से बचने तथा मनचाहा वर-वधू चुनने में मदद के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले सहित अन्य जगहों से सामाजिक जनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समाज के अध्यक्ष आगर दास डेहरे ने कहा कि समिति का यह तृतीय वर्ष का आयोजन है, जिसमें बेमेतरा के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी प्रतिभागी पहुंचे और अपना परिचय दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों की सुविधा के लिए आनलाइन पंजीयन की भी व्यवस्था की गई। जो प्रतिभागी आनलाइन पंजीयन नहीं करा पाए, उनका कार्यक्रम के दिन स्पाट पंजीयन भी किया गया। प्रतिभागियों को क्रमशः समिति द्वारा टोकन प्रदान करते हुए मंच में परिजनों के साथ आमंत्रित किया गया। सभी प्रतिभागी व परिजनों द्वारा वैवाहिक परिचय साझा किया और कुछ लोगों के द्वारा रिश्ते पक्का करने के लिए बातचीत भी होती रही।



#### राष्ट्रस्तरीय परिचय सम्मेलन 2 को

कार्यक्रम में रायपुर से गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पदाधिकारीगण व परिचय सम्मेलन के मुख्य प्रवक्ता चेतन चंदेल,सुन्दर जोगी सामाजिक कार्यकर्ता, प्रकाश बांधे युवा प्रकोष्ठ तथा मानसिंह गिलहरे प्रदेश प्रतिनिधि गुरू घासीदास साहित्य अकादमी की मौजूदगी रही। उन्होंने बंधन वैवाहिक पत्रिका की जानकारी देते हुए आगामी 2 फरवरी को राष्ट्रस्तरीय पर सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए सभी को रायपुर आमंत्रित किया। कार्यक्रम के संचालक खेमसिंह बारले ने आगे बताया कि यह एक ऐसा मंच है जहां वैवाहिक विचारों का आदान प्रदान युवक युवतियों के द्वारा किया गया ।

प्रतिभागी व परिजनों के लिए भोजन व्यवस्था समिति के द्वारा किया गया।समाज के लोगों ने कार्यक्रम की काफी सराहना करते हुए नजर आए और भविष्य में इस प्रकार का आयोजन होते रहने की बात कही। आयोजन समिति के पदाधिकारीगण टी आर जनार्दन,आगर दास डेहरे, निर्जल कुमार डिंडोरे, खेमसिंह बारले, खिलावन जांगड़े, मूलचंद बंजारे, डॉ विजय कुर्रे,पी आर पाटले, जगदीश कुमार घृतलहरे,लोकनाथ बांधे,वाय के डिंडोरे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

## एसएसपी साहू ने उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर किया पदोन्नत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सोमवार जिले में पदस्थ उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त होने पर स्टार लगाकर निरीक्षक के पद जहां पदोन्नत किया, वहीं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी के पद पर पदोन्नति के साथ-साथ उत्तरदायित्व में भी बढोत्तरी हुई है। इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपनी दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। डीएसपी राजेश कुमार झा एवं जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त निरीक्षक को शुभकामनाएं देते हुए आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने को कहा। इस दौरान स्टेनो अजय कुमार देवांगन, उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू, भुनेश्वर यादव, अलील चंद, राजकुमार साहू, डी.एल. सोना, एसपी रीडर विष्णु सप्रे, सउनि कंवल सिंह नेताम, सुरेश सिंह, संतोष ध्रुर्वे, जितेन्द्र कश्यप, दीनानाथ सिन्हा, भानू प्रताप पटेल, द्वारिका प्रसाद घृतलहरे, छोटेलाल बंजारे, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## भिलाई का मैत्री बाग देख खुश हुए गुनरबोड़ स्कूल के बच्चे



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ के बच्चों ने रविवार को कारो कन्या का शिव मंदिर और भिलाई स्थित मैत्री गार्डन का भ्रमण किये। बेरला के समीप स्थित दर्शनीय स्थल कारो कन्या स्थित शिव मंदिर दर्शन एवं भिलाई स्थित मैत्री बाग का भ्रमण बच्चों ने किया। मैत्री बाग में बहुत से जंगली एवं पालतू जानवरों को देखा तथा जानकारी हासिल की। बाघ, सिंह, तेंदुवा, भालू, लकड़बग्घा, सियार, भेड़िया, नील गाय, जेबरा, बंदर आदि जानवरों को एकदम नजदीक से देखकर छोटे छोटे बच्चे बहुत खुश हुए। शाला में पदस्थ नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बहुत से जानवरों के जीवन के बारे में, उनके भोजन के बारे बच्चों को बताया। साथ ही बच्चों को यह भी बताया गया कि यह जानवर कहां पाया जाता है। समस्त जानकारी बच्चों को दी गई। साथ ही जू मैनर भी बताया गया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को समझाया कि किसी भी जानवर को परेशान नहीं करना है। जानवरों को खाने पीने की चीजे नहीं देना हैं। सभी बच्चों को समूह में चलना है। बच्चे फव्वारा देख बहुत खुश हुए। बच्चों ने झूले का भी मजा लिए। सुंदर फूलों की बगिया में खिले रंग बिरंगे फूलों को देख बच्चे खुश हो रहे थे। बच्चों को भ्रमण पालक की सहमति से प्रधान पाठिका आशा कुजूर एवं शिक्षिका विधि शर्मा के द्वारा कराया गया।

---

## साजा इलेवन ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय अधिकारी संघ जिला बेमेतरा द्वारा रविवार 19 जनवरी को शासकीय पी जी महाविद्यालय बेमेतरा के मैदान में कृषि विभाग द्वारा विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में साजा इलेवन, नवागढ़ इलेवन, बेमेतरा इलेवन, डीडीए ऑफिस इलेवन चार टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार साजा इलेवन को, द्वितीय पुरस्कार बेमेतरा इलेवन को प्रदान किया गया। डीडीए ऑफिस बेमेतरा को रनर अप पुरस्कार मिला। बेस्ट बैट्समैन तामेश्वर वर्मा बेस्ट बॉलर गुरुदास पुराने बेस्ट ऑलराउंडर थानेश्वर देवांगन को उपसंचालक कृषि श्री मोरध्वज डडसेना एवं सहायक संचालक श्री जितेंद्र ठाकुर द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि डड़सेना द्वारा खेल को जीवन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। साथ ही आगामी वर्षों में इस तरह की प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहन देने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर संजय मानिकपुरी ग्रा कृषि विस्तार अधिकारी अध्यक्ष कृषि स्नातक संघ विनय कुमार शर्मा प्रांतीय सदस्य दीपक साहू दिनेश धुर्वे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी साजा डा श्याम लाल साहू एसडीओ बेमेतरा राकेश चतुर्वेदी एस डी ओ नवागढ़ एवं अन्य विभागीय कृषि अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए।

> ■ छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय अधिकारी संघ द्वारा किया गया आयोजन

---

## स्वच्छता अभियान में लापरवाही, संकुल समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम पंचायत बुंदेला में स्वच्छता अभियान में लापरवाही बरतने के मामले में जिला पंचायत सीईओ द्वारा अजेन सोनवानी, संकुल समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जनपद पंचायत नवागढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

यह नोटिस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के आदेश पर 19 जनवरी को जारी किया गया। नोटिस में कहा गया है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता की सेवा पखवाड़ा चलाया गया था। इसके अलावा 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक विशेष श्रमदान अभियान का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सभी ग्राम पंचायतों को सफाई कार्य को लेकर निर्देश दिए गए थे। ग्राम पंचायत बुंदेला द्वारा इस दौरान घास-फूस और गंदगी की उचित सफाई नहीं की गई, जिससे शौचालय के प्रवेश द्वार के आसपास गंदगी फैल गई। इस पर ध्यान देते हुए, जिला पंचायत सीईओं ने इसे संबंधित अधिकारियों की लापरवाही माना और ग्राम पंचायत के प्रति नाराजगी जाहिर की है। जिला पंचायत सीईओं ने ग्राम पंचायत बुंदेला के संकुल समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), को निर्देश दिया है कि वह तीन दिनों के भीतर इस मामले पर उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें और आगे से ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जायेंगे ।

> ■ जिला पंचायत सीईओ ने की कार्रवाई

---

## कांग्रेस से आए नेता ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर की दावेदारी, भाजपा नेताओं ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी जहां शुरू कर दी है, वहीं नगरीय निकायों की तिथि तय होने के पश्चात हलचल तेज हो गई हैं। बेमेतरा के बहुत चर्चित वि धा न स भा साजा में चुनावी तैयारी के सिलसिले मे स्थानीय विश्राम गृह साजा में भाजपा संगठन की बैठक हुई। इसमें विधानसभा चुनाव के वक्त कांग्रेस से आए नेता का नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर दावेदारी ओर पैनल में शामिल होने से भाजपा में बवाल मच गया। बैठक के दूसरे दिन साजा भाजपा मंडल के संगठन महामंत्री के नेतृत्व में नगर के बुथ अध्यक्षों ने क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू, जिला अध्यक्ष अजय साहू सहित प्रमुख नेताओं के पास पहुंच कर लिखित आपत्ति पत्र दर्ज कराई। यह सारा मामला नगर पंचायत टिकिट वितरण को लेकर बताया जा रहा है। लिखित पत्र में भाजपा के इन पदाधिकारी ने कहा है कि साजा नगर पंचायत चुनाव के अध्यक्ष पद पर हिमांशु वर्मा नाम रखा गया जो कि विधानसभा चुनाव से पूर्व में कांग्रेस का कर्मठ कार्यकर्ता रहा है, जिसने अध्यक्ष पद के टिकट के लिए चुनाव समिति के समक्ष दावेदारी पेश की और उसका पैनल में आने के जानकरी से निष्ठावान कार्यकर्ताओं को ठेस पहुंची है, जो कि मूलतः कांग्रेस समर्पित परिवार से है। इसने कभी विधानसभा चुनाव से पूर्व न तो भाजपा की प्रारंभिक सदस्यता ली है ना हि क्रियाशील सदस्य रहा है। इस दौरान गुस्साए कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व उस व्यक्ति ने भाजपा का झंडा अपने घर पर कभी नहीं लहराया है और न ही किसी प्रचार अभियान मे शामिल रहा है। ऐसे व्यक्ति को टिकट देने से पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है। कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि उस व्यक्ति को छोड़कर जिन्होंने ने अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए आवेदन दिया है उनमे से किसी को भी पार्टी प्रत्याशी बनायेगी उसे सब मिलकर जितायेंगे। विधायक साहू व अन्य नेताओं से मुलाकात करने वालों में भाजपा मंडल महामंत्री बिसरु साहू,राधे वर्मा ,नारद साहू, अरूण वर्मा, धरमचंद जैन, जिला उपाध्यक्ष आयुश शर्मा, नारद देवांगन, सनत साहू,प्रमोद गुप्ता, हरीश कुमार, जितेन्द्र पवांर,गजेन्द्र निर्मलकर, जगेसर ठाकुर, गोलु साहू और अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

> ■ जिला अध्यक्ष से लेकर संगठन प्रमुखों को सौंपा पत्र



---

## ग्राम संडी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम संडी में जय मां सिद्धि कबड्डी क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस आयोजन के भाजपा नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए । उन्होंने उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेल के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें ग्राम सरपंच सेवाराम साहू, सचिव राजकुमार साहू, लाभराम साहू, अरुण साहू, उत्तम साहू, शरद साहू, रवेंद्र साहू, कुंदन साहू, नेतराम साहू, तोरण साहू, गेंदराम साहू, सुभाष साहू, भोजराम साहू, महेंद्र यादव, फूलसिंह साहू, अर्जुन साहू, परमेश्वर साहू और बंकट निषाद शामिल। इन सभी ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

प्रतियोगिता में स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल के प्रति अपने उत्साह और समर्पण को दर्शाया। इस दौरान मुख्य अतिथि योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह समाज में एकता और सामूहिकता को बढ़ावा देने का भी एक सशक्त जरिया है। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन समिति और जय मां सिद्धि कबड्डी क्लब ने सामूहिक प्रयासों से इस प्रतियोगिता को सफल बनाया। अतिथियों ने इस तरह के आयोजनों को लगातार प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का धन्यवाद किया और भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने का आश्वासन दिया।

> ■ उद्घाटन समारोह में योगेश ने खिलाड़ियों को दिया जीत



---

ग्राम गब्दा (पिरदा) में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश हुए शामिल

# छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज का 79वाँ राज अधिवेशन बीते शनिवार दिव्यात्मा-खम्हन लाल वर्मा स्मृति सभा स्थल जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम गब्दा (पिरदा) में शनिवार क़ो हुआ। उक्त अधिवेशन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

अधिवेशन की शुरुआत कलशयात्रा के पश्चात समाजिक ध्वजारोहण एवं महापुरुषों के तैल चित्रों पर माल्यार्पण क़र किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क़र रहे छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने अपने उद्बोधन में डॉ.खूबचंद बघेल के नाम से जारी स्वास्थ्य के नाम परिवर्तन किए जाने पर नाराजगी जाहिर की, तो वहीं अंतरजातीय विवाह कर जाने वाली लड़कियों को आजीवन मुख्य धारा से अलग न रखने के बारे में चर्चा करने की बात कही है। साथ ही निर्धन विद्यार्थियों के लिए कोष का निर्माण कर शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग करने की बात कही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विशेष तौर पर ओबीसी आरक्षण की बात करते हुए आगामी चुनाव क़ो लेकर कहा कि प्रदेश के 33 जिलों में से किसी भी जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर ओबीसी वर्ग के लिए कोई आरक्षित नहीं है, जबकि पूर्व में 27 जिला होने पर भी ओबीसी वर्ग के लिए 5 से 7 जिला पंचायत अध्यक्ष पद आरक्षित होता था। किन्तु वर्तमान सरकार ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय क़र रही है। लेकिन इस स्थिति पर फिलहाल ओबीसी वर्ग मौन है। इस कार्यक्रम में खुले मंच में उद्बोधन के दौरान प्रफुल्ल वर्मा ने कहा कि विभिन्न वैवाहिक कार्यक्रमों में जिनके यहाँ पानीग्रहण आदि गोधूलि बेला में सम्पन्न होता है, उन्हें सम्मानित किया जाये।



#### साल में कम से कम दो बार हो सामाजिक बैठक

कार्यक्रम के दौरान जोगी राम वर्मा ने कहा कि क्षेत्र मे कई ऐसे गाँव हैं, जहां दस वर्ष से भी अधिक हो चुके हैं किन्तु कोई सामाजिक बैठक नहीं हुई है, जिससे कि आगामी पीढ़ी क़ो भी सामजिक गतिविधियों संबधित जानकारी हो सके, इसलिए दशों राज के प्रत्येक गाँव एवं नगरों में वर्ष में कम से कम दो बार स्थानीय स्तर पर बैठक आयोजित हो, जिसके पश्चात बैठक मे लिए गए विभिन्न निर्णय की जानकारी राज एवं केंद्रीय स्तर पर दी जाए। राजप्रधान धमधा राज सत्यभामा परगनिहा ने कहा कि प्रत्येक तिमाही में क्षेत्र प्रधानों का बैठक अनिवार्य रूप से रखा जावे। साथ ही महिलाओं क़ो आर्थिक रूप से सशक्त करने हेतु समूह के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराए जावे तो वहीं युवक युवती, विधवा विधुर, शास बहु मिलन समारोह का आयोजन भी किया जावे। विभिन्न विचारों केंद्रीय महामंत्री यशवंत वर्मा ने मंच के माध्यम से सहमती जताई। मंच पर सभी राजप्रधान सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




Departure Ex- Kathmandu
08 मई, 07 जून, 06 जुलाई, 25 जुलाई, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
कैलाश मानसरोवर यात्रा
सुविधाः- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
नोटः- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशिः- 1 लाख 75 हजार प्रति श्रद्धालु
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411